# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2013
## गणित : कक्षा XII

समय : 3 घण्टा ] . पूर्णांक : 100

---

निर्देश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(iii) प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं—**खण्ड 'अ'** और **खण्ड 'ब'**।

(iv) खण्ड 'अ' में दिये गये प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके अन्तर्गत *एक शब्द/वाक्य में उत्तर, रिक्त स्थानों की पूर्ति, सही जोड़े बनाना, सत्य/असत्य तथा सही विकल्प का चयन करना* है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

(v) खण्ड 'ब' के प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं।

(vi) प्रत्येक प्रश्न पर आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

---

### खण्ड 'अ'

**1. प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न में दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए—** $1 \times 5 = 5$

**(i)** व्यंजक $\frac{1}{x(x+a)}$ की आंशिक भिन्नें हैं—

(a) $\left[\frac{1}{x} - \frac{1}{x+a}\right]$, (b) $\frac{1}{a}\left[\frac{1}{x} + \frac{1}{x+a}\right]$,

(c) $\frac{1}{a}\left[\frac{1}{x} - \frac{1}{x+a}\right]$, (d) $\left[\frac{1}{x} + \frac{1}{x+a}\right]$.

**(ii)** $\cos^{-1}\frac{3}{5} - \sin^{-1}\frac{4}{5}$ का मान है—

(a) 1, (b) 0, (c) $-1$, (d) $\frac{4}{5}$.

**(iii)** बिन्दु (5, 12, 13) की $x$ अक्ष से लम्बवत् दूरी है—

(a) $\sqrt{313}$, (b) $\sqrt{13}$, (c) $\sqrt{5}$, (d) $\sqrt{12}$.

**(iv)** उस समतल का समीकरण जो X अक्ष के समान्तर हैं तथा Y और Z अक्षों से क्रमशः 5 और 7 अन्तःखण्ड काटता है, है—

(a) $5x + 3y = 15$, (b) $7x + 3z = 21$,

(c) $7y + 5z = 35$, (d) $35x + 21y + 15z = 105$.

**(v)** बिन्दुओं (2, 3, 4) तथा (1, – 2, 3) से गुजरने वाली सरल रेखा का समीकरण होगा—

(a) $\frac{x-2}{1} = \frac{y-3}{-5} = \frac{z-4}{-1}$, (b) $\frac{x-2}{-1} = \frac{y-3}{-5} = \frac{z-4}{-1}$,

(c) $\frac{x-2}{-1} = \frac{y-3}{5} = \frac{z-4}{-1}$, (d) $\frac{x-2}{-1} = \frac{y-3}{-5} = \frac{z-4}{1}$.

**उत्तर—(i) (c), (ii) (b), (iii) (a), (iv) (c), (v) (b).**

**2. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य बताइए—** $1 \times 5 = 5$

**(i)** उस गोले का समीकरण जिसके एक व्यास के सिरों के निर्देशांक (2, – 3, 4) और (– 5, 6, 7) हैं, $x^2 + y^2 + z^2 + 3x - 3y + 3z - 56 = 0$ है।

(ii) एक सादिश जिसके आदि और अन्तिम बिन्दु सपाती होते हैं, एकांक सादिश कहलाता है।

(iii) जब किसी वस्तु को ऊपर की ओर फेंका जाता है तो ऊपर की ओर जाने पर $g$ का मान ऋणात्मक होता है।

(iv) दो चरों $x$ और $y$ के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक $r = \dfrac{\sigma_x^2 + \sigma_y^2 - \sigma_{x-y}^2}{2\sigma_x \sigma_y}$ होता है।

(v) समाश्रयण गुणांकों का समान्तर माध्य सह-सम्बन्ध गुणांक से छोटा होता है।

उत्तर—(i) असत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) असत्य।

**3. प्रत्येक का एक शब्द में उत्तर दीजिए—** $1 \times 5 = 5$

(i) सदिश बीजगणित में विस्थापन कौन-सी राशि है ?

(ii) $\log(\log \sin x)$ का अवकल गुणांक क्या होगा ?

(iii) यदि समाकल की सीमायें परस्पर बदल दी जायें तो समाकल के मान का चिह्न पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(iv) कार्य किस प्रकार की राशि है ?

(v) न्यूटन-रैफ्सन विधि से किसी संख्या $y$ का वर्गमूल ज्ञात करने का सूत्र क्या है ?

उत्तर—(i) सदिश, (ii) $\dfrac{\cot x}{\log(\sin x)}$, (iii) चिह्न विपरीत हो जाता है, (iv) अदिश, (v) $\sqrt{y} = \dfrac{1}{2}\left[x_n + \dfrac{N}{x_n}\right]$.

**4. सही जोड़ी बनाइए—** $1 \times 5 = 5$

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) रेखा $\vec{r} = 2\hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k} + \lambda(\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k})$ और समतल $\vec{r}.(\hat{i} + 5\hat{j} + \hat{k}) = 5$ आपस में हैं | (a) $\dfrac{45}{16}$ |
| (ii) $\int \sin^2 x \, . \, dx$ | (b) $1 - \dfrac{\pi}{4}$ |
| (iii) $\int_0^{\pi/4} \tan^2 x \, . \, dx$ | (c) $\dfrac{1}{2}\left(x - \dfrac{1}{2}\sin 2x\right)$ |
| (iv) यदि $x_n$ किसी समीकरण $f(x) = 0$ का सन्निकट मूल हो, तो न्यूटन-रैफ्सन विधि से $x_{n+1}$ होगा | (d) समान्तर |
| (v) न्यूटन-रैफ्सन विधि से $\dfrac{5}{2}$ के निकट समीकरण $x^2 - x - 5$ का मूल है | (e) $x_{n+1} = x_n - \dfrac{f(x_n)}{f'(x_n)}$ |

उत्तर—(i) → (d), (ii) → (c), (iii) → (b), (iv) → (e), (v) → (a).

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** $1 \times 5 = 5$

(i) $\sin x^3$ का अवकल गुणांक ............ होगा।

(ii) $\int \dfrac{1}{1 - \sin x} dx$ का मान ............ है।

(iii) वृत्त $x^2 + y^2 = a^2$ का क्षेत्रफल ............ है।

(iv) आभासी स्थिति विधि ................ है।

(v) न्यूटन-रैफ्सन विधि से 10 का घनमूल प्रथम पुनरावृत्ति पश्चात् ........... है।

उत्तर—(i) $3x^2 \cos x^3$, (ii) $\tan x + \sec x$, (iii) $\pi a^2$, (iv) समीकरण के वास्तविक मूल ज्ञात करने की सबसे पुरानी विधि, (v) $2 \cdot 167$.

## खण्ड 'ब'

6. $\dfrac{x^4}{x^3 + 1}$ को आंशिक भिन्नों में विभक्त कीजिए। **4 अथवा**

$\dfrac{2x + 1}{(x - 1)(x^2 + 1)}$ को आंशिक भिन्नों में विभक्त कीजिए।

7. यदि $\sin^{-1}x + \tan^{-1}x = \frac{\pi}{2}$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि :

$$2x^2 = \sqrt{5} - 1.$$ 4 *अथवा*

सिद्ध कीजिए कि : $\cos^{-1}\frac{3}{11} - \sin^{-1}\frac{3}{4} = \sin^{-1}\frac{19}{44}.$

8. प्रथम सिद्धान्त से $\tan^{-1}x$ का अवकल गुणांक ज्ञात कीजिए। 4 *अथवा*

$\log\sqrt{\frac{1+\cos x}{1-\cos x}}$ का $x$ के सापेक्ष अवकलन कीजिए।

9. फलन $f(x) = \sin x + \cos x - 1$ के लिये अन्तराल $\left[0, \frac{\pi}{2}\right]$ में रोले की प्रमेय को सत्यापित कीजिए। 4 *अथवा*

सिद्ध कीजिए कि $\sin x + \cos x$ का उच्चिष्ठ मान $\sqrt{2}$ है।

10. सिद्ध कीजिए कि सहसम्बन्ध गुणांक का मान $-1$ से $+1$ के बीच होता है। 4 *अथवा*

निम्नलिखित आँकड़ों से पद विचलन विधि द्वारा सहसम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $x$ | 10 | 14 | 18 | 22 | 26 | 30 |
| $y$ | 18 | 12 | 24 | 6 | 30 | 36 |

11. किसी फर्म के विज्ञापन के खर्च और बिक्री के आँकड़े निम्न प्रकार प्राप्त हुए :

| | बिक्री (करोड़ों में) | विज्ञापन (करोड़ों में) |
|---|---|---|
| माध्य | 40 | 6 |
| मानक विचलन | 10 | 1·5 |

सहसम्बन्ध गुणांक $r = 0\cdot9$

यदि फर्म 60 करोड़ रुपये की बिक्री का लक्ष्य निर्धारित करे, तो विज्ञापन पर खर्च कितना होगा ? 4 *अथवा*

निम्नांकित आँकड़ों के लिए $y$ की $x$ पर समाश्रयण रेखा ज्ञात कीजिए :

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $x$ | 10 | 9 | 8 | 7 | 6 | 4 | 3 |
| $y$ | 8 | 12 | 7 | 10 | 8 | 9 | 6 |

12. यदि $x^y = e^{x-y}$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि :

$$\frac{dy}{dx} = \frac{\log x}{(1+\log x)^2}$$ 4 *अथवा*

यदि $y = (\sin^{-1}x)^2$ तो सिद्ध कीजिए कि : $(1-x^2)\frac{d^2y}{dx^2} - x\,.\frac{dy}{dx} - 2 = 0.$

13. $x + 3y + 6 = 0$ तथा $3x - y - 4z = 0$ के प्रतिच्छेदी रेखा से होकर जाने वाले उन समतलों के समीकरण ज्ञात कीजिए जिनकी मूल-बिन्दु से लम्बवत् दूरी 1 है। 5 *अथवा*

एक परिवर्तनशील समतल मूल-बिन्दु से स्थिर दूरी P पर रहता हुआ निर्देशांक अक्षों को A, B, C पर काटता है। दर्शाइए कि चतुष्फलक OABC के केन्द्रक का बिन्दु-पथ $x^{-2} + y^{-2} + z^{-2} = 16P^{-2}$ है।

14. सदिश विधि से त्रिकोणमिति का साइन (sine) नियम सिद्ध कीजिए :

$$\frac{\sin A}{a} = \frac{\sin B}{b} = \frac{\sin C}{c}.$$

5 अथवा

दर्शाइये कि : $\bar{a} \times (\bar{b} \times \bar{c}) + \bar{b} \times (\bar{c} \times \bar{a}) + \bar{c} \times (\bar{a} \times \bar{b}) = 0.$

15. $\lim_{x \to 0} \frac{x(e^x - 1)}{1 - \cos x}$ का मान ज्ञात कीजिए। 5 अथवा

$f(x) = \frac{\sin 2x}{x}$ जब $x \neq 0$ $f(x) = 1$ जब $x = 0$, क्या $f(x), x = 0$ पर सतत है ?

16. $\int \frac{5x + 7}{\sqrt{3 - 2x - x^2}} dx$ का मान ज्ञात कीजिए। 5 अथवा

$\int \frac{dx}{1 - 2\sin x}$ का मान ज्ञात कीजिए।

17. सिद्ध कीजिए कि : $\int_0^{\pi/2} \frac{1}{1 + \tan^3 x} dx = \frac{\pi}{4}.$ 5 अथवा

वक्र $x^2 = 4y$ और रेखा $x = 4y - 2$ के अन्तर्गत क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

'8. अवकल समीकरण $x(x - y)\, dy + y^2 dx = 0$ को हल कीजिए। 5 अथवा

अवकल समीकरण $\cos x \frac{dy}{dx} + y = \sin x$ को हल कीजिए।

9. 10 बच्चों के समूह में से जिसमें 6 लड़के और 4 लड़कियाँ हैं, 3 बच्चे यदृच्छया चुने जाते हैं। प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि चुना हुआ समूह केवल एक विशेष लड़की रखता है। 5 अथवा

दो घनाकार पाँसे एक साथ फेंके जाते हैं। पहले पाँसे पर सम संख्या अथवा दोनों का योगफल 9 आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

20. दर्शाइए कि रेखायें $\frac{x+1}{3} = \frac{y+3}{5} = \frac{z+5}{7}$ और $\frac{x-2}{1} = \frac{y-4}{3} = \frac{z-6}{5}$ परस्पर प्रतिच्छेद करती हैं। प्रतिच्छेद बिन्दु के निर्देशांक भी ज्ञात कीजिए। 6 अथवा

$\frac{x-6}{3} = \frac{y-7}{-1} = \frac{z-4}{1}$ और $\frac{x}{-3} = \frac{y+9}{2} = \frac{z-2}{4}$ के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए।

21. किसी बिन्दु (1, 2, 3) से होकर जाने वाली और समतलों $\vec{r}.(\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}) + 5 = 0$ तथा $\vec{r}(2\hat{i} - 4\hat{j} + \hat{k}) = 3$ के प्रतिच्छेदी रेखा से होकर जाने वाले समतल का समीकरण ज्ञात कीजिए। 6 अथवा

उन रेखाओं के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए जिनके सदिश समीकरण $\vec{r} = \hat{i} + \hat{j} + \lambda(2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k})$ तथा $\vec{r} = 2\hat{i} + \hat{j} - \hat{k} + \mu(3\hat{i} - 5\hat{j} + 2\hat{k})$ हैं।